









# 9 दिसंबर को होगा ड्राफ्ट मतदाता सूची का प्रकाशन, एसआईआर की प्रक्रिया तेज

- मतदाता से लेकर बीएलओ तक परेशानी से गुजर रहे
- किसी को अपना नाम नहीं मिल रहा तो किसी को रिश्तेदार का नाम

**नागदा।** केन्द्रीय चुनाव आयोग द्वारा मतदाता सूचियों का गहन परीक्षण कार्यक्रम (एसआईआर) के तहत फार्म जमा करने की तारीख अब करीब आ रही हैं। 4 दिसम्बर के पूर्व मतदाताओं को अपने फार्म को भर कर बीएलओ को देना है तथा बीएलओ को इसी तारीख के पूर्व उसे ऑनलाईन अपडेट भी करना है। यदि एक भी मतदाता अपडेशन से छूट गया तो उसका नाम 9 दिसम्बर को प्रकाशित होने वाली ड्राफ्ट सूची में नहीं होगा।

ऐसे में ड्राफ्ट मतदाता सूची में नामों से वंचित मतदाताओं को अपना नाम जुडवाने हेतु समुचित दस्तावेजों के साथ एक माह के अंदर कार्रवाई करनी होगी। यदि इस अवधि से भी चुके तो उनका नाम सुनवाई एवं वेरिफिकेशन का अवसर नहीं मिलेगा और फरवरी 2026 की फायनल सूची से ऐसे मतदाताओं के नाम गायब हो जाऐंगे। इस पुरी प्रक्रिया को संपन्न कराने के लिए घर-घर बीएलओ दस्तक दे रही हैं, बावजूद इसके सैकडों-हजारों लोगों को अपने परिजनों के नाम जो अन्य विधानसभा या अन्य प्रदेश के हैं को जानने में काफी मशक्कत करना पड रही हैं। कुल मिलाकर एसआईआर की प्रक्रिया की ड्राफ्ट सूची से हजारों लोगों के नाम कटने की आशंका से इन्कार नहीं किया जा सकता है। क्योंकि वर्तमान मांगलिक कार्यक्रमों का समय है तथा कई परिवारों में मांगलिक कार्यक्रम चल रहे हैं, ऐसे में नागरिक अपने कार्यो में ही व्यस्त होने के कारण एसआईआर की प्रक्रिया पर पूरी तरह से सक्रियता नहीं दिखा पा रहे हैं। हालांकि ऐसे मतदाताओं की संख्या भी काफी हैं जिन्होंने अपने फार्म को भर कर बीएलओ को सौंप दिया है।

## प्रशासन ने बढ़ाई सख्ती, बीएलओ भारी दबाव में कर रहे काम

मतदाता सूची के गहन पुनरीक्षण प्रक्रिया यानी एसआईआर के नाम पर अफसरशाही कर्मचारियों का शोषण करने से भी बाज नहीं आ रही है। शुक्रवार शाम को रिटर्निंग ऑफिसर नेहा साहू के निर्देश पर सुबह से शाम तक एसआईआर के कार्य में जुटे बीएलओ के साथ अन्याय हुआ। बीएलओ का दायित्व निभाने वाली आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को एसडीएम रंजना पाटीदार ने रात 9 .30 बजे तक कार्यालय में ही कार्य संपादित करवाया। एसडीएम कार्यालय के मैनगेट पर ताला तक जड दिया गया, इसके अलावा इमरजेंसी गेट पर सुरक्षाकर्मी तैनात कर स्पष्ट आदेश जारी किया कि कोई भी उनकी अनुमती के बगैर कार्यालय से बाहर नहीं जाना चाहिए। इस दौरान जो तस्वीरें सामने आई उसमें कई बीएलओ अपने बच्चों केसाथ काम करती नजर आई। बच्चे रोते भी रहे, बावजूद इसके अधिकारियों का दिल नहीं पसीजा। मामले में आंगनवाडी कार्यकर्ता-सहायिका संघ के रामलाल पंड्याने प्रशासनिक अधिकारी की इस हरकत को हिटलरशाही करार देते हुए कहा कि आंगनवाड़ी कार्यकर्ता कर्मचारी हैं, बंधुआ मजदूर नहीं। सवाल है कि जब महिला बाल विकास विभाग के आयुक्त सुफिया फारूकी वली के 8 अक्टूबर 2024 को लिखित आदेश जारी कर यह स्पष्ट कर चुकी हैं कि आंगनवाडी कार्यकर्ता शासन के विभिन्न कार्यक्रमों में सहयोग के साथ ही मां और बच्चों के पोषण प्रमुख दायित्व भी निभाती हैं। ऐसे में इन्हें बीएलओ के दायित्व से मुक्त रखना चाहिए। बावजूद इसके शुक्रवार को नागदा प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा की गई मनमानी को क्या कहा जाएगा।

## एक नजर में

### बालाजी एग्रोफार्म पर दो लाख का जुर्माना

**नागदा।** प्रदेश में इन दिनों चल रही भावांतर योजना को लेकर कृषि उपज मण्डी द्वारा व्यापारियों को स्टाक को लेकर हिदायत दी जा रही है, लेकिन उसके बावजूद भी कई व्यापारी शासन के आदेश अवहेलना कर रहे हैं। ऐसा ही एक मामला शनिवार को सामने आया। मण्डी बोर्ड व कृषि उपज मण्डी नागदा की टीम ने एक अनाज के व्यापारी नरेन्द्र जाट के गोदाम बालाजी एग्रोफार्म पर जांच की। जहॉं पर भावांतर स्टाक का वेरिफिकेशन किया गया। इसमें वर्ष भर में खरीदी गई फसल में कई अनियमितता पाई गई है। मण्डी सचिव का कहना था कि वैधानिक प्रक्रिया के तहत अनियमितता पाई गई है जिसके चलते व्यापारी पर 2 लाख 54 हजार 987 का जुर्माना किया गया है। यह जानकारी मण्डी सचिव मनोजसिंह खींची ने दी।

### महाविद्यालयीन विद्यार्थियों ने किया औद्योगिक भ्रमण

**घट्टिया।** स्वामी विवेकानंद कैरियर मार्गदर्शन योजना एवं राष्ट्रीय सेवा योजना अंतर्गत स्व. नागूलाल मालवीय शासकीय महाविद्यालय घट्टिया के विद्यार्थियों द्वारा दो औद्योगिक इकाई का भ्रमण किया। जिसमें हाई रिच सीड्स के असिस्टेंट मैनेजर प्रमोद कुमार ने विद्यार्थियों को बताया कि यह एक कृषि कंपनी है जो किसानों के लिए गुणवत्तापूर्ण बीज बनाती है जैसे सोयाबीन, भिंडी, कद्दू, टमाटर आदि जो पोषक तत्वों से भरपूर बीज होता है एवं दूसरी औद्योगिक इकाई इंडियन ऑयल एलपीजी बॉटलिंग प्लांट परिसर का भ्रमण जिसमें विशाल उदित, विभव द्विवेदी असिस्टेंट मैनेजर, नटवर सिंह चौहान जूनियर बिजनेस असिस्टेंट ने विद्यार्थियों को बताया कि एलपीजी सिलेंडर में भरने का काम करती है। यह उज्जैन और आसपास के इलाकों में घरेलू और वाणिज्यिक ग्राहकों को एलपीजी सिलेंडरों की आपूर्ति करता है एवं पूरे परिसर का भमण कराया द्य महाविद्यालय की प्राचार्य डॉक्टर पुलकिता आनंद, प्रशासनिक अधिकारी सुनील गुजराती एवं समस्त स्टाफ व बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित थे ।

### एसआईआर का कार्य 100 प्रतिशत पूर्ण, किया सम्मान



**खाचरौद।** निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार चल रहे मतदाताओं के गहन विशेष पुनरीक्षण कार्य मे नगर के बूथ क्रमांक 105 पर नियुक्त बीएलओ सुनील गौहर द्वारा तत्परता से कार्य करते हुए 100 प्रतिशत कार्य पूर्ण किया। इस उपलब्धि पर बीएलओ सुनील गौहर का 23 नवम्बर को नगर पालिका परिसर में मुख्य नगर पालिका अधिकारी रवि गुप्ता ने पुष्पमाला पहना कर मुंह मीठा कराकर सम्मान किया गया। इस अवसर पर नपा कर्मचारी संघ अध्यक्ष शिवसिंह रघुवंशी, कर्मचारीगण जयराज खरे, योगेश शर्मा, सचिन रावल, मांगीलाल मेतवासा, वैभव सेठी, अर्जुन सेन, हरीश मेतवासा, लोकेन्द्र सिंह, नवीन शर्मा सहित बड़ी संख्या में कर्मचारीगण उपस्थित थे।

### वीर दुर्गादास राठौर की पुण्यतिथि पर श्रद्धासुमन अर्पित



**उज्जैन।** राठौर समाज के शौर्य और त्याग के अमर प्रतीक वीर दुर्गादास जी राठौड़ की 307वीं पुण्यतिथि पर राठौर समाज ट्रस्ट द्वारा क्षिप्रा तट स्थित ऐतिहासिक छत्री स्मारक पर पहुंचकर पुष्पांजलि अर्पित की गई। कार्यक्रम की शुरुआत ट्रस्ट सचिव धर्मेन्द्र मगरवा ने आरती उतारकर की और वीर दुर्गादास जी के अदम्य पराक्रम व समाज-रक्षा के अतुलनीय योगदान को याद किया। राठौर समाज नगर सभा के उपाध्यक्ष गोपाल राठौर ने कहा कि विपरीत परिस्थितियों में भी कर्तव्य और धर्म का पालन करने वाले वीर दुर्गादास जी का जीवन समाज के लिए सदैव प्रेरणा रहेगा। इस अवसर पर डॉ. सुनील राठौर, अर्जुन परिहार, छगनलाल राठौर, लक्ष्मी नारायण चौहान, ओमप्रकाश राठौर, राजेश राठौर, रामेशजी राठौर सहित अनेक समाजबंधुओं ने स्मारक पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। वीर दुर्गादास जी की गाथा, त्याग और पराक्रम सदैव समाज को मार्गदर्शन देते रहेंगे।

### समग्र राजपूत समाज ने मनाई वीर दुर्गादास राठौड़ की पुण्यतिथि

**उज्जैन।** क्षत्रिय गौरव परम योद्धा, समूचे मारवाड़ के रक्षक वीर दुर्गादासजी की पुण्यतिथि के अवसर पर समग्र राजपूत समाज के तत्वावधान मे क्षिप्रा तट के समीप स्मारक पर पुष्पांजलि अर्पित की गई। वृहद् गरिमामय कार्यक्रम में उपस्थित राजपूत सरदारों द्वारा परम्परागत वेशभूषा में पूजन अर्चन कर वीर दुर्गादास राठौड़ की गौरव गाथाओ का वर्णन किया तथा स्थानीय स्मारक के समुचित विकास के प्रचलित कार्यों का अवलोकन किया गया। कार्यक्रम संयोजक भरत सिंह हाड़ा ने बताया कि वर्षभर इस स्मारक पर देश विदेश से अनेक श्रद्धालु आकर यहां अपने श्रृद्धासुमन अर्पित करते हैं। उल्लेखनीय है कि केंद्रीय संस्कृति मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत एवं मध्यप्रदेश शासन के मुखमंत्री मोहन यादव के संयुक्त प्रयासों से इस स्मारक के विकास हेतु 156 करोड़ रुपये की एक वृहद् योजना स्वीकृत की गई है। जिससे विकास के कार्य पूर्ण गति से यहां चल रहे हैं।



## दो दिवसीय राज्य स्तरीय बेंच प्रेस चैंपियनशिप का शुभारंभ

**उज्जैन।** मध्यप्रदेश पावरलिफ्टिंग एसोसिएशन के तत्वावधान में उज्जैन जिला पावरलिफ्टिंग एसोसिएशन एवं जज्बा सोशल फाउंडेशन के संयुक्त नेतृत्व में राज्य स्तरीय क्लासिक बेंच प्रेस चैंपियनशिप का शक्ति के देवता हनुमानजी के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ किया गया।

संस्था सचिव कमल नंदवाना द्वारा बताया गया कि चैंपियनशिप के मुख्य अतिथि के रूप में मध्य प्रदेश पावर लिफ्टिंग एसोसिएशन के चेयरमैन प्रेम सिंह यादव, एडिशनल एसपी इंदौर गीता चैहान, राज्य शरीर सोष्ठव संस्था के अध्यक्ष जितेंद्र सिंह कुशवाह, मध्य प्रदेश पावर लिफ्टिंग एसोसिएशन के ऊर्जावान महासचिव दिनेश पालीवाल, उज्जैन जिला पावरलिफ्टिंग एसोसिएशन के अध्यक्ष जय सिंह यादव, विश्वमित्र अवॉर्डी देवेंद्र सिंह खनूजा, अंतरराष्ट्रीय वेटलिफ्टर विमल प्रजापत, अंतर्राष्ट्रीय पावरलिफ्टर उदय प्रताप सिंह, जज्बा सोशल फाउंडेशन प्रमुख गुलरेज खान, परवेज मोहम्मद मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

## भारतीय किसान यूनियन मंच ने कलेक्टर के नाम एसडीएम को सौंपा ज्ञापन



**नागदा। भारतीय किसान यूनियन मंच प्रदेश अध्यक्ष कवि देव सिंह गुर्जर के नेतृत्व में किसानों ने जिलाधीश के नाम एसडीएम कार्यालय नागदा में प्रदर्शन कर ज्ञापन सौंपा।**

ज्ञापन में बताया कि रबी के सीजन जो कि सर्दी का समय रहता है उसमें किसानो रात्रि के समय जिसमें अत्यधिक ठंड गिरती है के समय को छोडकर दिन में बिजली प्रदान की जाए। कई स्थानो पर विद्युत खम्बे क्षतिग्रस्त स्थिति में है तथा उनसे लटकते तार नीचे आ जाने से दुर्घटना का अंदेशा है इसलिये इन खम्बो का सुधार करवाया जाए। इस समय में एक साथ बिजली का लोड विभाग पर आता है इसलिये विद्युत ट्रांसफार्मर की क्षमता बढ़ाई जाए। साथ ही पूर्व में लागु 60-40 की योजना का क्रियान्वयन किया जाए। वर्तमान में नीलगाय द्वारा किसानो की फसलो का नुकसानी के साथ ही सड़क पर आने-जाने वाले राहगीर भी हादसे के शिकार हो रहे है। नीलगाय की गतिविधियों पर अंकुश लगाने हेतु शासन की ओर से तुरन्त कार्यवाही की जाए। शासन की तरफ से किसानो को जो राहत राशि प्रदान की गई किन्तु अभी भी कुछ किसान ऐसे है जो राहत राशि से वंचित है। उन किसानो को भी राहत राशि शीघ्र प्रदान की जाए। चालु वर्ष के साथ-साथ वर्ष 2023-24 की बीमा क्लेम राशि का भुगतान किसानो को नहीं हुआ है इसलिये ऐसे किसान जिन्हें बीमा क्लेम राशि प्राप्त नहीं हुई उन्हें तत्काल भुगतान करवाया जाए। किसानो को सहकारी समितियो में खाद की पर्याप्त उपलब्धता करवाई जाए ताकि किसानो को खाद को लेकर कोई समस्या ना हो। किसानो की जमीन की रजिस्ट्री के बाद पटवारियों द्वारा नामांतरण की प्रक्रिया धीमी होने तथा पटवारियों के ट्रांसफर हो जाने से लंबित प्रकरण में किसान नामांतरण के लिये तहसील के चक्कर लगाता है इस ओर भी आपका ध्यान आकर्षित करने की मांग की गई।

इस अवसर पर किसान यूनियन मंच के राष्ट्रिय सचिव सुरेंद्र सिंह गुर्जर जनपद उपाध्यक्ष देवीलाल चंद्रवंशी, सुरेश नन्देड़ा बेरछा, दिनेश अटलवदा, संजू गुर्जर जलवाल, देवेंद्र राजपूत दरबार सिंह पंवार, कान्हा भीमपुरा, दुलेसिंह पटेल, कमल गुर्जर, विजय गुर्जर जलवाल, विस अध्यक्ष लखन गुर्जर, पप्पू सिंह पनवार, अर्जुन गुर्जर, सुरेश गुर्जर जलोदिया, समर्थ गुर्जर, ईश्वर गुर्जर राजगड़ विनोद धाकड़ बनवाड़ा, अनिल चौधरी, मांगीलाल, पवन, रामसिंह चौधरी, राधेश्याम बोड़ाना आदि किसान साथी उपस्थित रहे।

## उज्जैन-झालावाड़ फोर लेन रोड निर्माण का सर्वे जारी



**घट्टिया ।** उज्जैन आगर झालावाड़ फोर लेन रोड निर्माण होना है। जिसको लेकर उज्जैन से तनोडिया तक फर्स्ट फेज में निर्माण कार्य होना है जिसकी टेंडर प्रक्रिया चल रही है । इसी के साथ भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण द्वारा रोड निर्माण में भूमि अधिग्रहण सहित निर्माण में आने वाले भवनों दुकानों का सर्वेक्षण कर विस्तृत परियोजना रिपोर्ट का काम जारी है। एनएचएआई के सीनियर एक्जीक्यूटिव सर्वेयर विकास मेहरा ने चर्चा में बताया कि सर्वेक्षण का कार्य चल रहा है। एनएचएआई की चार टीम राजस्व विभाग की टीम व गांवों के पटवारियों के साथ मिलकर संयुक्त सर्वेक्षण कर रोड निर्माण की जद में आने वाले भवन, दुकान आदि का मोका मुआयना कर संबंधित मालिकों से निर्माण की जानकारियां एकत्रित की जा रही है । शुक्रवार को घट्टिया में एनएचएआई से विकास मेहरा, अमन झा, विकास अहिरवार, पटवारी कमलेंद्र सहित टीम में मोका सर्वे किया। एनएचएआई के मेहरा ने बताया कि जहा गाव का मुख्य बाजार है व घनी आबादी रहवासी क्षेत्र है वहा रोड के मध्य से दोनों तरफ लगभग 60 से 70 फीट जगह व रहवासी क्षेत्र व गाव को छोड़कर मध्य से दोनों तरफ लगभग 80 फीट भूमि अधिग्रहण किया जाएगा। जिसको लेकर सर्वे किया जा रहा है, सम्पत्ति स्वामियों का सम्पत्ति के साथ चित्र लिया जा रहा है व निर्माण की जानकारियां लेकर रिपोर्ट शासन प्रशासन को भेजी जाएगी।

इसी के साथ रहवासियों में चिंता है कि कहीं कम तो कही ज्यादा भूमि ली जा रही है। उज्जैन आगर झालावाड़ रोड का निर्माण लगभग डेढ़ से दो वर्ष पूर्व ही हुआ है। जिसमें भी उज्जैन से घोंसला तक मिनी फोर लेन का निर्माण हुआ था व उसके आगे टू लेन रोड निर्माण हुआ था। कई लोगों ने उक्त रोड निर्माण के बाद ही जमीन प्लॉट आदि खरीदकर दुकान मकान आदि का निर्माण किया था। ऐसे में पुनः रोड निर्माण होने से अर्थिक नुकसान के साथ ही रोजगार व्यापार आदि पर भी असर पड़ेगा। कई लोगों का तो कहना है कि जीवनभर की कमाई दुकान मकान निर्माण में लगा दी व कई लोगों ने कर्ज लेकर प्लॉट खरीदने सहित मकान निर्माण आदि किया है।

## अंताक्षरी में धार्मिक गीतों की गूंज, प्रतिभागियों ने मोहा सबका मन



**उज्जैन।** 24 खंबा महाकाल घाटी स्थित समाज की धर्मशाला में क्षत्रिय मराठा समाज द्वारा अध्यक्ष अनिल धर्मे की अध्यक्षता में छह दिवसीय चम्पाषष्ठी महोत्सव बड़ी धूमधाम से मनाया जा रहा है। चम्पाषष्ठी महोत्सव के अवसर पर शनिवार एवं रविवार दो दिवस मनोरंजन एवं सांस्कृतिक गतिविधियों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से प्रतियोगिता का भव्य आयोजन किया गया।अंताक्षरी प्रभारी जीतेन्द्र शिंदे एवं मारुति राव पाटणकर ने जानकारी देते हुए बताया कि भगवान कुलदेवता मल्हार मार्तंड देव का विधिवत पूजन किया कर अंताक्षरी प्रतियोगिता की शुरुआत हुई। कार्यक्रम में समाज के वरिष्ठजन एवं युवाओं ने बड़ी संख्या में उपस्थित होकर भाग लिया। समाज के लोगों ने प्रतिभागियों में धार्मिक, भक्ति एवं सांस्कृतिक गीतों की मनमोहक प्रस्तुतियाँ देकर पूरे वातावरण को आनंद और उमंग से भर दिया। प्रतियोगिता के दौरान प्रतिभागियों ने अपनी आवाज़ और याददाश्त दोनों का शानदार तालमेल दिखाया। कई दौर तक चले इस आयोजन में मनोरंजन के साथ समाज की सांस्कृतिक परंपराएँ भी झलकती रहीं। रविवार को उत्साहपूर्ण माहौल के बीच तीन विशेष गतिविधियों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में प्रतिभागियों ने शस्त्र प्रशिक्षण सत्र में पारंपरिक युद्धक कौशल सीखा, नृत्य प्रतियोगिता में अपनी कला का शानदार प्रदर्शन किया तथा फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता में आकर्षक व रचनात्मक परिधानों से सभी का ध्यान आकर्षित किया। आयोजकों के अनुसार तीनों प्रतियोगिताओं में बच्चों व युवाओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और कार्यक्रम को सफल बनाया। अध्यक्ष अनिल धर्मे ने कहां की ऐसे कार्यक्रम न केवल मनोरंजन का साधन हैं, बल्कि समाज को एकजुट करने का माध्यम भी हैं। उपस्थित लोगों ने इस पहल की सराहना की। 24 नवंबर सोमवार को समय- 6 से 8 बजे तक व्यंजन संध्या का आयोजन होगा और 25 नवंबर मंगलवार को 56 भोग, अन्नकूट एवं पुरस्कार वितरण किए जाएंगे। इस मौके पर वरिष्ठ उपाध्यक्ष सुनीता पाटिल, उपाध्यक्ष मुकेश शिन्दे, अनीता शिन्दे, सचिव अनिल गावडे, कोषाध्यक्ष राजेश खोयरे, सह सचिव परवीन जाधव, प्रशांत शिन्दे, कार्यकारणी सदस्य रेखा कदम, ममता खोयरे, रणजीत सपकाले समाज के अनेक सदस्य उपस्थित रहे।

**एक नजर** अखिल भारतीय सद्भावना व्याख्यानमाला के समापन अवसर पर हुए महत्वपूर्ण व्याख्यान

# प्रकृति के प्रचंड संकेत ना समझे तो विनाश की ओर बढ़ना तय है : जोशी



**उज्जैन।** प्रकृति जिस वेग से बदली है, हमने उसे उतनी गंभीरता से कभी लिया ही नहीं। आज प्रचंड गर्मी का जो असहनीय वातावरण हमारे सामने है, वह चेतावनी नहीं, बल्कि दंड के रूप में खड़ा है। कभी वर्षा ऋतु के गीत गाए जाते थे, उसकी प्रतीक्षा उत्सव की तरह होती थी—पर अब वही वर्षा विनाश लेकर लौट रही है। फसलें सूख रही हैं, धरती तप रही है, और चक्रवातों की खबरों से अख़बार रोज़ भय से भर रहे हैं। यह प्रकृति का दंड है, जिसे हम सब भोगने को विवश हैं। प्रकृति के इन प्रचंड संकेतों को ना समझे तो विनाश की ओर बढ़ना तय है।

उक्त विचार प्रसिद्ध पर्यावरण विद पद्मभूषण अनिल प्रकाश जोशी ने कर्मयोगी स्व. कृष्णमंगल सिंह कुलश्रेष्ठ की प्रेरणा और पद्मभूषण डॉ. शिवमंगल सिंह 'सुमन' की स्मृति में भारतीय ज्ञानपीठ में आयोजित 23वीं अखिल भारतीय सद्भावना व्याख्यानमाला के सातवें और समापन दिवस पर मुख्य वक्ता के रूप में डिजिटली प्रस्तुत किए।

आप नहीं बदलेंगे तो प्रकृति आपको बदल देगी विषय पर अपनी बात रखते हुए अनिल प्रकाश जोशी ने कहा कि हमने प्रकृति को नहीं, अपनी इच्छाओं और सुविधाओं को संरक्षित किया। जिन्हें अपना कहा, उन्हें पाला-पोसा; जिन्हें अपना न माना, उनके अस्तित्व को ही खतरे में डाल दिया। हमने अपनी खुशी के लिए कुत्तों को घरेलू बनाया—और परिणाम यह कि आज हजारों आवारा कुत्ते हमारी गलियों में घूम रहे हैं। दूसरी ओर भेड़िए, चिंपांज़ी और वे सभी जीव, जिनकी उपस्थिति प्रकृति के संतुलन के लिए अनिवार्य है—उनकी संख्या निरंतर घट रही है। यह स्पष्ट है कि हमने अपने स्वार्थ के जीवों को तो पनपने दिया, पर प्रकृति के लिए आवश्यक जीवन को नहीं।

अध्यक्षता करते हुए प्रसिद्ध कुचिपुड़ी नृत्याचार्य पद्मश्री जयराम ने कहा- जब प्रकृति हमें अपने संतुलन की ओर लौटने का संदेश दे रही है, उसी समय हमारी संस्कृति और कलाएं भी हमें अपनी जड़ों से जुड़े रहने की प्रेरणा देती हैं। कार्यक्रम का आरंभ संस्थान की शिक्षिकाओं द्वारा सद्भावना एवं देशभक्ति गीत से हुई।

दीप प्रज्ज्वलन माधव विज्ञान महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. हरीश व्यास, एडवोकेट मुकेश ठाकुर, पूर्व सभापति नगर निगम सोनू गहलोत, हर्षा वाघे, अमृता कुलश्रेष्ठ द्वारा किया गया।

अतिथि स्वागत संस्था प्रमुख युधिष्ठिर कुलश्रेष्ठ , रिचा विचार मंच के महेश ज्ञानी, शशि भूषण ने किया। इस अवसर पर पुष्पेंद्र शर्मा, यूएस छाबड़ा, डॉ प्रेम प्रकाश अग्निहोत्री ,अजय मेहता, पं. उमाशंकर भट्ट, राजेंद्र तिवारी, प्रशांत शर्मा, राजेंद्र तिवारी, पुष्पेंद्र शर्मा, डॉ. एसएन शर्मा, कृष्ण जोशी, श्वेता पंडया, प्रफुल्ल शुक्ला सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। संचालन श्रेया शुक्ला ने किया। व्याख्यानों को विभिन्न डिजिटल प्लेटफॉर्म सहित कम्युनिटी रेडियो दस्तक 90.8 एफएम पर भी सुना गया।